आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 18.10.2025
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- राज्य के युवाओं को अग्निवीर भर्ती की तैयारी में खेल विभाग सहयोग करेगा। सेना में भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए सभी जिलों में स्थित खेल स्टेडियम, सुविधाएं और उपकरण निःशुल्क उपलब्ध रहेंगे।
- विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने स्कूलों में निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें समय पर न पहुंचने की शिकायत पर सभी जिलों से रिपोर्ट तलब करने और एक सप्ताह में आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।
- केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने उत्तराखंड सरकार के आईटी विभाग और भारत एआई मिशन, द्वारा आयोजित शिखर सम्मेलन का देहरादून में उद्घाटन किया।
- **और,** नैनीताल जिले में रविवार तथा सार्वजनिक अवकाश के दिनों में भी खेल प्रशिक्षण और कोचिंग गतिविधियां संचालित की जाएंगी।

**रिपोर्ट तलब निर्देश**

विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने स्कूलों में निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें समय पर न पहुंचने की शिकायत पर शिक्षा महानिदेशक को सभी जिलों से रिपोर्ट तलब करने और एक सप्ताह में आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

देहरादून में अपने आवास पर विभागीय समीक्षा बैठक में डॉक्टर रावत ने सभी जिलों से निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण की स्थिति रिपोर्ट मांगी। उन्होंने कहा कि आगामी शैक्षणिक सत्र के लिए पुस्तकों की खरीद प्रक्रिया की टेंडरिंग अभी से शुरू कर दी जाए ताकि सत्र आरंभ होते ही विद्यार्थियों को समय पर पुस्तकें मिल सकें।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार की ओर से सभी सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें, अभ्यास पुस्तिकाएं, गणवेश, स्कूल बैग और अन्य सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। गणवेश और बैग के लिए धनराशि डीबीटी के माध्यम से छात्रों के खातों में भेजी जाती है, जबकि पुस्तकें विभाग सीधे स्कूलों तक पहुंचाता है।

बैठक में शिक्षामंत्री ने आपदा से क्षतिग्रस्त स्कूलों के पुनर्निर्माण कार्य में देरी पर नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा आपदा मोचन निधि से धनराशि जारी की जा चुकी है, इसलिए निर्माण कार्यों की ऑनलाइन समीक्षा कर गति बढ़ाई जाए।

**अग्निवीर भर्ती की तैयारी– खेल विभाग का सहयोग**

उत्तराखंड के युवाओं के लिए खुशखबरी है। अब खेल विभाग उन्हें अग्निवीर भर्ती की तैयारी कराएगा। खेल मंत्री रेखा आर्या ने विभागीय अधिकारियों की बैठक में यह निर्देश जारी किए।

उन्होंने बताया कि राज्य के सभी जिलों में स्थित खेल स्टेडियम, सुविधाएं और उपकरण अब सेना में भर्ती की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए निःशुल्क उपलब्ध रहेंगे। कोई भी इच्छुक युवा बिना शुल्क दिए इन संसाधनों का उपयोग कर सकेगा।

खेल मंत्री ने कहा कि फिलहाल विभाग के पास मौजूद प्रशिक्षक, युवाओं को प्रशिक्षण देंगे, लेकिन भविष्य में विशेष मानव संसाधन की व्यवस्था भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि यह पहल युवाओं को शारीरिक रूप से सशक्त बनाकर देशसेवा के लिए तैयार करने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

**स्कूलों का आधुनिकीकरण**

मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने उत्तराखंड में पीएमश्री योजना की तर्ज पर स्कूलों के आधुनिकीकरण के लिए नई योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में पीएमश्री और लखपति दीदी योजना की समीक्षा बैठक में उन्होंने बताया कि पीएमश्री योजना के तहत स्कूलों को पांच वर्षों तक प्रत्येक वर्ष 40 लाख रुपये की धनराशि दी जाती है, जिससे स्मार्ट क्लास, विज्ञान प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय और खेल सुविधाएं विकसित की जाती हैं। उन्होंने कहा कि इसी मॉडल पर राज्य में भी विद्यालयों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाएगा। इसके लिए क्लस्टर विद्यालयों से शुरुआत करने के निर्देश दिए गए।

लखपति दीदी योजना की समीक्षा करते हुए श्री बर्द्धन ने इसे और प्रभावी बनाने के लिए स्वयं सहायता समूहों की क्षमता बढ़ाने पर जोर दिया। मुख्य सचिव ने कहा कि समूहों के उत्पादों की गुणवत्ता सुधार के लिए तकनीक का उपयोग बढ़ाया जाए और नियमित क्षमता विकास कार्यक्रम संचालित किए जाएं।

उन्होंने कहा कि लखपति दीदी योजना के अंतर्गत राज्य स्तरीय संचालन समिति और निगरानी समिति का गठन शीघ्र किया जाए तथा उनकी बैठकें नियमित रूप से आयोजित हों। साथ ही, स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों को ई–कॉमर्स प्लेटफॉर्म, रिटेल चेन और हाउस ऑफ हिमालयाज में शामिल कर बाजार उपलब्ध कराया जाए।

## राष्ट्रीय महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता

उत्तराखंड बॉक्सिंग एसोसिएशन और जिला प्रशासन नैनीताल के संयुक्त तत्वावधान में 29 अक्टूबर से 2 नवंबर तक राष्ट्रीय महिला बॉक्सिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न राज्यों से करीब 100 महिला मुक्केबाज हिस्सा लेंगी।

जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल की अध्यक्षता में कल प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने और प्रतिभागियों व आगंतुकों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोजन स्थल पर टेंट, विद्युत, पेयजल, स्वच्छता, सुरक्षा, यातायात और आवास संबंधी सभी व्यवस्थाएं समय से पूरी करने को कहा।

## धोखाधड़ी मुकदमा दर्ज

हरिद्वार जिले में गन्ना कमिश्नर के निर्देश पर इकबालपुर चीनी मिल की प्रबंध समिति के निदेशक सहित पांच लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। सचिव प्रभारी, सहकारी गन्ना समिति इकबालपुर, शीशपाल सिंह की तहरीर पर झबरेड़ा थाना पुलिस ने यह कार्रवाई की।

सहकारी गन्ना समिति ने बताया कि इकबालपुर चीनी मिल की ओर से 27 सितंबर को 4 करोड़ 54 लाख रुपये और 16 अक्टूबर को 5 करोड़ रुपए का चेक भुगतान के लिए दिया गया था, लेकिन दोनों चेक बाउंस हो गए, जिससे किसानों का भुगतान नहीं हो पाया। इसे धोखाधड़ी का मामला मानते हुए तहरीर दी गई।

थाना प्रभारी अजय शाह ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## शिखर सम्मेलन उद्घाटन

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स, सूचना प्रौद्योगिकी एवं वाणिज्य राज्यमंत्री जितिन प्रसाद ने कहा है कि आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस के माध्यम से भारत शासन, शिक्षा और प्रबंधन के क्षेत्र में नया उदाहरण पेश कर रहा है। यह नया भारत आत्मविश्वासी, सक्षम और तकनीक के प्रभावी उपयोग में विश्व का नेतृत्व कर रहा है।

श्री प्रसाद देहरादून में उत्तराखंड सरकार के आईटी विभाग और भारत एआई मिशन, एमईआईटीवाई द्वारा आयोजित शिखर सम्मेलन के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। यह इंडिया–एआई इम्पैक्ट समिट 2026 का आधिकारिक प्री–समिट कार्यक्रम है, जो फरवरी 2026 में भारत मंडपम, नई दिल्ली में होगा।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पिछली सदी में परमाणु तकनीक जितनी महत्वपूर्ण थी, इस सदी में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) उतनी ही अहम है। भारत इस क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। देश में अब विश्वस्तरीय कंप्यूटिंग शक्ति एक डॉलर प्रति घंटे से भी कम लागत में उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे अनुसंधान और नवाचार को गति मिलेगी।

श्री प्रसाद ने कहा कि भारत बदल चुका है और अब पुरानी सोच छोड़कर नवाचार की दिशा में आगे बढ़ना होगा। उन्होंने युवाओं से कहा कि एआई को सहायक उपकरण के रूप में अपनाएं, लेकिन उस पर निर्भर न हों।

## खेल प्रोत्साहन

नैनीताल जिले में रविवार और सार्वजनिक अवकाश के दिनों में भी खेल प्रशिक्षण और कोचिंग गतिविधियां संचालित की जाएंगी। इस संबंध में जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने आदेश जारी किया है। इसका उद्देश्य खिलाड़ियों के अभ्यास की निरंतरता को बनाए रखना है।

जिलाधिकारी ने जिला क्रीड़ा अधिकारी को निर्देशित किया है कि सभी खेल प्रशिक्षक, सहायक प्रशिक्षक और संबंधित कार्मिक सुनिश्चित करें कि अवकाश के दिनों में खेल मैदान खुले रहें और नियमित सत्र चलते रहें। प्रशिक्षकों का ड्यूटी रोस्टर इस तरह तैयार किया जाए कि अवकाश के दिनों में पर्याप्त प्रशिक्षक मैदान पर मौजूद हों, जबकि उनका साप्ताहिक अवकाश अन्य कार्य दिवसों में समायोजित किया जाए।

## और एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर........

उत्तराखंड में पक्के होंगे 5 हजार कर्मचारी, इस शीर्षक के साथ हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है– कार्मिक विभाग ने लंबी कसरत के बाद किया विनियमितीकरण नियमावली का खाका तैयार, कैबिनेट की मंजूरी के लिए जल्द किया जाएगा पेश।

भागीरथी इको सेंसिटिव जोन में होटल बनाने की अनुमति देने पर कोर्ट सख्त– दैनिक जागरण इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है– हाईकोर्ट ने उत्तरकाशी के डीएम और अन्य अधिकारियों को किया तलब, सरकार से मांगी पूरे क्षेत्र की सर्वे रिपोर्ट।

बिहार विधानसभा चुनाव प्रचार में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संभाली कमान.. इस खबर के शीर्षक में दैनिक जागरण लिखता है– बीजेपी प्रत्याशियों के समर्थन में सभाओं और रोड शो में मुख्यमंत्री धामी ने कहा की बिहारी की जनता को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा।

यूसीसी में लिवइन के नियम होंगे आसान, हिन्दुस्तान समाचार पत्र इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता हैकृमान नागरिक संहिता में बड़े संशोधन की तैयारी में उत्तराखंड सरकार...

**और** प्रदेशभर में धनतेरस पर्व की रहेगी धूम– इस खबर पर नवोदय टाइम्स लिखता है, धनतेरस आज, सजे बाजार, राजधानी देहरादून में सर्राफा के साथ बर्तन बाजार में तैयारियां पूरी।